**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम गुरूवार के लिए श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-9 का उत्तर**

---------------

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 9(क)- क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि वाराणसी केन्द्रीय कारागार में धनउगाही के नाम पर कैदियों का उत्पीड़न करने वाले चिकित्सकों के विरूद्ध कार्यवाही कराते हुए शीघ्र उनका स्थानान्तरण अन्यत्र किये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 22 अगस्त, 2024 जो कि आपको सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हॉ, तो कैदियों का उत्पीड़न करने वाले चिकित्सकों के विरूद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गयी है उनका स्थानान्तरण कहॉ किया गया है? | उक्त पत्र में की गयी शिकायतों की जांच कराये जाने हेतु शासन के पत्र दिनांक 17.09.2024 द्वारा जिलाधिकारी, वाराणसी को निर्देशित किया गया था। जिलाधिकारी, वाराणसी के पत्र दिनांक 05.12.2024 द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्यानुसार वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, वाराणसी द्वारा शिकायतों की जांच की गयी। जांच आख्या दिनांक 20.10.2024 के अनुसार पत्र दिनांक 22.08.2024 में की गयी शिकायतें प्रमाणित नहीं पायी गयी हैं। |
| (ग) यदि नहीं, तो इतने संवेदनशील प्रकरण पर अब तक कार्यवाही न किये जाने के क्या कारण है और उनको संरक्षण देने वाले/उक्त प्रकरण में तत्काल कार्यवाही न करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उनके विरूद्ध कब तक कार्यवाही करोयेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री